हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026
बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला





'अर्नब' का असर : जिले में 23.6 मिमी औसत बारिश

खेतों में लहलहाती कटाई के मुहाने पर खड़ी मेहनत पर बारिश की मार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करहीबाजार /बलौदाबाजार

करहीबाजार परिक्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से धान की फसल को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। धान की कटाई के ऐन समय पर मौसम के बिगड़े मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसान पिछले चार महीनों से दिन-रात मेहनत कर अपनी फसल तैयार करने में जुटे हुए थे, लेकिन अब कटाई के समय लगातार बारिश उनकी मेहनत पर पानी फेरने की आशंका पैदा कर रही है। बताया जा रहा है कि बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात 'अर्नव' के प्रभाव से क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही है। इससे खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल प्रभावित होने की आशंका है। बारिश का सिलसिला जारी रहने से फसल की कटाई में देरी हो सकती है, वहीं खेतों में पानी भरने और धान की गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा भी बना हुआ है।

किसानों का कहना है कि धान की फसल तैयार करने में चार महीने तक कड़ी मेहनत, समय और पूंजी लगती है। ऐसे में कटाई के अंतिम समय पर मौसम की मार पड़ना उनके लिए चिंता का विषय बन गया है। ▶▶ शेष पेज 11 पर

उद्यानिकी फसलों की सुरक्षा के लिए एडवायजरी जारी

बलौदाबाजार। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के प्रभाव से बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में बारिश का दौर जारी है। गुरुवार को जिले में कुल 212.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जबकि औसत वर्षा 23.6 मिलीमीटर रही। तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार पलारी में सर्वाधिक 40.6 मिलीमीटर बारिश हुई। लगातार बादल छाए रहने, रिमझिम बारिश और ठंडी हवाओं के चलते मौसम में ठंडक बढ़ गई है।भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 29 अक्टूबर को जिले की नौ तहसीलों में वर्षा दर्ज की गई। इसमें टुण्डरा और बलौदाबाजार में 27-27 मिलीमीटर, पलारी में 40.6 मिलीमीटर, लवन में 22 मिलीमीटर, सुहेला में 32 मिलीमीटर, सिमगा में 15 मिलीमीटर, कसडोल में 18.7 मिलीमीटर, भाटापारा में 15 मिलीमीटर तथा सोनाखान में 15.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इन सभी तहसीलों में कुल 212.6 मिलीमीटर बारिश हुई, जिसका औसत 23.6 मिलीमीटर है।



बुवाई और रोपाई में बरतें सावधानी

प्याज, लहसुन सहित अन्य उद्यानिकी फसलों की बुवाई और रोपाई से पहले मिट्टी में नमी तथा स्थानीय मौसम पूर्वानुमान का आकलन करने की सलाह दी गई है। जलभराव वाली भूमि में बुवाई या रोपाई से बचने को कहा गया है। तेज हवा और बारिश के बाद किसान फलदार पौधों, शाखाओं तथा अन्य फसलों को हुई क्षति का निरीक्षण करें, ताकि समय रहते आवश्यक उपाय किए जा सकें। लगातार बारिश के दौरान खेतों से अतिरिक्त पानी निकालना, तैयार उपज को सुरक्षित रखना और फसलों में रोग के शुरुआती लक्षणों पर ध्यान देना जरूरी है। इससे प्रतिकूल मौसम के कारण होने वाले संभावित नुकसान को कम करने में मदद मिल सकती है।

SANJAY RUNGTA GROUP OF INSTITUTIONS
KOHKA-KURUD, BHILAI
EXCELLENCE GUARANTEE
PROUD TO ANNOUNCE
BEST PRIVATE DENTAL COLLEGE IN CENTRAL INDIA
with 'A' Grade accredited by NAAC
ACCREDITED WITH GRADE A NAAC
RUNGTA COLLEGE OF DENTAL SCIENCES & RESEARCH
(Under The Aegis of Sanjay Rungta Group of Institutions)
Outlook-ICARE Rankings 2026
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA & 16th AMONGST DENTAL COLLEGES IN INDIA has been RANKED By Outlook
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA has been RANKED By INDIA TODAY
REGISTRATION OPEN
ONLY FEW SEATS LEFT
AC CLASS ROOMS
BDS | MDS
BEST FACULTY • BEST INFRASTRUCTURE • BEST RESULTS
Only college in CENTRAL INDIA offering MDS in ALL 9 specialization
1. Prosthodontics & Crown and Bridge
2. Periodontology
3. Orthodontics & Dentofacial Orthopedics
4. Conservative Dentistry and Endodontics
5. Paediatrics & Preventive Dentistry
6. Oral & Maxillofacial Surgery
7. Oral Pathology & Microbiology
8. Oral Medicine & Radiology
9. Public Health Dentistry
www.rungtacolleges.com
@rungtacolleges
ADMISSION HELP LINE : 9229 111 555, 92293 44402



खबर संक्षेप



विधायक इन्द्र साव ने दरगाह में चादर चढ़ाकर मांगी क्षेत्र की खुशहाली

सिमगा। हज़रत सैय्यद मीर अहमद हुसैन मख़्दूमी रहमतुल्लाह अलैह के उर्स पाक के अवसर पर श्रद्धा एवं उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव ने शिरकत कर हज़रत की दरगाह में चादर चढ़ाई और क्षेत्र की आवाम की खुशहाली, अमन-चैन एवं तरक्की के लिए दुआ की। विधायक साव के नगर के जय स्तंभ चौक पहुंचने पर उर्स कमेटी के अध्यक्ष शेख मोईन कुरैशी के नेतृत्व में आतिशबाजी कर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसके पश्चात विधायक संदल एवं चादर शरीफ के जुलूस में शामिल हुए। उन्होंने यंग कमेटी के सदस्यों एवं मुस्लिम जमात के लोगों को उर्स पाक की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मुस्लिम जमात के लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, हिरेन्द्र कोसले, पार्षद याकूब कुरैशी, पार्षद प्रतिनिधि गोलू पाटकर, अजीत भट्ट, हाजी कौशर अली, यूनुस मोहम्मद, अकरम कुरैशी, सलीम भाई ट्रक ओनर, पूर्व पार्षद आरिफ भाई, अनमोल शुक्ला, ताहिर अली, रफ्फू भाई, मीर अली, नईम खान, नफील भाई, बशीरुद्दीन सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम जमात के लोग उपस्थित थे।

राज्य कर्मचारियों को 5% डीए देय तिथि से तथा लंबित एरियर्स का भुगतान जल्द हो

पलारी। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा संभाग प्रभारी देवनाथ साहू प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव ने केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3% वृद्धि किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए राज्य शासन से केन्द्रीय कर्मचारियों के समान देय तिथि से 5% लंबित महंगाई भत्ता तथा लंबित एरियर्स राशि के



भुगतान का आदेश शीघ्र जारी करने की मांग किए हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव ने बताया कि केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2026 से महंगाई भत्ते को 60% से बढ़ाकर 63% कर दिया है जिसे अब छत्तीसगढ़ में तत्काल प्रभाव से लागू करना चाहिए छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को वर्तमान में 58% महगाई भत्ता मिल रहा है जिससे वे अब केन्द्रीय कर्मचारियों से 5% पीछे हो गये है। अतः छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा संभाग प्रभारी देवनाथ साहू प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव बलौदाबाजार, जिला अध्यक्ष देवेश वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष तोमर डोंडे, तेज वैष्णव, संयोजक खेलावन घृतलहरे, सचिव चुड़ामणी साहू, संगठन मंत्री जनी राम साहू, नागेश्वर पटेल, हेमकुमार निराला, जितेश बघेल, प्रदीप कैवर्त, राजेंद्र कश्यप, दीपक सारंग, महेंद्र साहू, बुद्धेश्वर ध्रुव, रामदयाल साहू, महेंद्र वैष्णव ने शासन से आग्रह किया है।

करवा चौथ : पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना

बारिश के बीच महिलाओं ने चंद्रमा की प्रतीकात्मक पूजा कर खोला व्रत



पति के हाथों जल ग्रहण कर खोला व्रत



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

करवा चौथ के पावन पर्व पर सुबह से ही बाजारों में रौनक देखने को मिली। व्रती महिलाओं ने करवा चौथ की पूजा के लिए करवा, पूजन सामग्री, फल, मिठाइयां, श्रृंगार सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामानों की खरीदारी की। बाजार में महिलाओं की चहल-पहल से त्योहार का उत्साह दिखाई दिया। करवा चौथ का व्रत विशेष रूप से राजस्थान सहित उत्तर भारत के कई क्षेत्रों में पारंपरिक रूप से मनाया जाता रहा है। समय के साथ इस पर्व की लोकप्रियता देश के विभिन्न राज्यों में भी बढ़ी है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, स्वस्थ जीवन, सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन की खुशहाली की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखती हैं।



हालांकि, इस वर्ष मौसम खराब होने और दिनभर बारिश होने के कारण महिलाओं को चंद्रमा के दर्शन नहीं हो सके। चंद्रमा के उदय होने की प्रतीक्षा कर रही व्रती महिलाओं ने अपनी आस्था और परंपरा के अनुसार थाली में सफेद चंदन से चंद्रमा की आकृति बनाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया।आस्था के आगे मौसम भी नहीं बना बाधा करवा चौथ का पर्व केवल उपवास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रेम, विश्वास, समर्पण और पारिवारिक एकता का प्रतीक भी है। प्रतिकूल मौसम के बावजूद महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना कर अपनी परंपरा निभाई। यह पर्व दांपत्य जीवन में आपसी प्रेम, सम्मान और विश्वास के महत्व का संदेश देता है।

तिल्दा-नेवरा। पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ गुरुवार को तिल्दा-नेवरा शहर में करवा चौथ का पर्व श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर विधि-विधान से करवा माता की पूजा-अर्चना की।

शाम होते ही सोलह श्रृंगार कर सजी-धजी महिलाओं ने पूजन की तैयारियां शुरू कर दीं। रात में चंद्रदेव ने दर्शन नही दिया तो महूर्त अनुसार पूजा अर्चना कर, छलनी से पति का दीदार किया तथा पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया। इस दौरान शहर केदो दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बारिश और बूंदाबांदी के कारण चंद्रमा के दर्शन को लेकर महिलाओं में चिंता थी। बावजूद उन्हें भरोसा था की रात में चांद नजर आएगा।

लेकिन चंद्रदेव ने दर्शन नही दिया, तो किसी ने दीपक की लौ के बीच निहाराऔर अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत खोला।

पूजन में शामिल हुए दंपती

शहर में कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवा चौथ का पूजन किया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार पूजन सामग्री और थालियां बदलकर वीरावती की कथा सुनी। कथा के माध्यम से व्रत की धार्मिक मान्यताओं और पति की दीर्घायु के लिए किए जाने वाले इस उपवास के महत्व को याद किया गया। सामूहिक पूजन के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को करवा चौथ की शुभकामनाएं भी दीं।केसरवानी मोहल्ला स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर भक्तिमय वातावरण बनाया। मंदिर परिसर में पूजन और धार्मिक गतिविधियों के बीच महिलाओं ने करवा माता से अपने परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। पर्व के दौरान कई स्थानों पर पति-पत्नी ने साथ मिलकर पूजन किया और इस परंपरा को उत्साहपूर्वक निभाया।

सास-बहू ने साथ रखा व्रत

करवा चौथ का पर्व पारिवारिक प्रेम और आपसी विश्वास का भी प्रतीक बना। साक्षी केसरवानी ने दूसरी बार करवा चौथ का व्रत रखा। वहीं, उनकी सास ज्योति केसरवानी विवाह के बाद से ही नियमित रूप से यह व्रत रखती आ रही हैं। इस बार ज्योति की छोटी भू रितु ने भी व्रत रखा इस बार सास-बहूओ ने साथ मिलकर पूजा-अर्चना की और पति का दीदार कर व्रत खोला। यह दृश्य पर्व की परंपरा के साथ परिवार में पीढ़ियों से चली आ रही आस्था और संस्कारों की झलक भी प्रस्तुत करता नजर आया। कुछ परिवारों में पुरुषों ने भी पत्नी के साथ व्रत रखकर इस पर्व में सहभागिता निभाई। वहीं, कई पतियों ने घर के कामकाज में सहयोग कर अपनी जीवनसंगिनी का साथ दिया। दिनभर के निर्जला उपवास के बाद चांद के दर्शन और व्रत के पारण के साथ घर-परिवार में खुशियों का माहौल रहा।रात में जब आसमान में चंद्रमा दिखाई नही दिया तो महूर्त रात 8,20 के बाद सुहागिनों पूजा कर शिव से प्रार्थना कर सुहाग सलामत रहे, पति स्वस्थ रहें और दांपत्य जीवन में प्रेम, विश्वास व खुशहाली बनी रहे। इसी आस्था और परंपरा के साथ तिल्दा-नेवरा में करवा चौथ का पर्व संपन्न हुआ ।

पेंड्रावन जलाशय बचाने 20 से अधिक गांवों के ग्रामीण लामबंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

रायपुर जिले में राजधानी से लगे 30 किमी दूर बंगोली मे ब्रिटिश जमाने के हाई परसेंटेज डैम माने जाने वाले पेंड्रावन जलाशय पर फिर खतरा मंडरा रहा है।

हाईकोर्ट की एक आदेश की आड़ मे राज्य शासन ने इस बांध के कैचमेंट में फिर गुपचुप खनन की अनुमति दे दी है। जल संसाधन विभाग की एनओसी मिलने के बाद खनन कंपनी द्वारा सर्वे और एक्सप्रोरेशन का काम शुरु होते ही हड़कंप मच गया है।

- 20 गांवों के ग्रामीण लामबंद, फिर जन आंदोलन की तैयारी
- कैचमेंट में गुपचुप दे दी खनन

अब फिर से आसपास के दर्जनभर से ज्यादा गांवों के लोग विरोध में एकजुट होने लगे हैं। इधर पेंड्रावन जलाशय बचाओ किसान संघर्ष समिति ने आंदोलन की रणनिति भी तय कर दी है। वहीं दो टूक एलान कर दिया कि अगर खनन अनुमति वापस नही ली गई तो बांध बचाने दर्जनों गांवों के ग्रामीणजन जलाशय स्थल पर जुटेंगे । दरअसल पेंड्रावन गांव में खनन के लिये तीसरी बार गुपचुप अनुमति दे दी गई है। पूर्व में दी गई अनुमति के बाद सड़कों पर महीनों तक ग्रामीणों और किसानों ने ऑदोलन किया था।

अब जल संसाधन विभाग ने फिर करीब 117 वर्ष पुराने और अभी भी दर्जनभर से ज्यादा गांवों और हजारों ग्रामीणों की जीवनदायिनी पेंड्रावन जलाशय में खनन के लिए अनुमति जारी कर दी है ।

25 अप्रैल 2024 को हाईकोर्ट के एक आदेश में कहा गया शासन चाहे तो खनन की अनुमति के लिये पुनःविचार कर सकता है। इस आदेश के आड़ लेकर विभाग ने पूरा खेला कर दिया। वर्तमान में फिर एनओसी के लिये आईआईटी रुड़की के जरिए अध्ययन कराया।

बोर्ड ने वर्ष 2017 में ही स्पष्ट कर दिया कि खनन से पेंड्रावन जलाशय का अस्तित्व खत्म हो जायेगा ।

पेंड्रावन जलाशय बचाओ संघर्ष समिति के संरक्षक आलोक शुक्ला के मुताबिक जल संसाधन विभाग ने खनन के प्रथम चरण की अनुमति के लिये 23 जुलाई 2025 को सशर्त एनओसी जारी की है।

समिति ने अनुमति वापस लेने की मॉग के साथ विरोध का प्रस्ताव पारित किया है। यह भी तय किया गया कि आसपास के प्रभावित होने वाले करीब 20 गांवों से अधिक गांवों के ग्रामीण फिर आंदोलन करने जुटेंगे।

गांवों मे बैठकों के बाद परिवार समेत ग्रामीण बांध क्षेत्र में ही बेमियादी आंदोलन करेंगे।

ज्ञात हो कि पेंड्रावन जलाशय की बंदरबाट पूर्व राज्य सरकार रमन सिंह एवं पूर्व धरसींवा विधायक देवजी भाई पटेल के समय हुए हैं तथा आज वर्तमान में राज्य सरकार विष्णुदेव साय सरकार तथा वर्तमान विधायक अनुज शर्मा के शासन काल में फिर पेंड्रावन जलाशय पर नजर पर है

बैठक मे संघर्ष समिति के संरक्षक आलोक शुक्ला, अनिल नायक, ऊधो वर्मा, देवव्रत नायक पूर्व जनपद अध्यक्ष, अनिल नायक, प्रदीप मढ़रिया बड़े कृषक, कुंजलाल वर्मा जनपद सदस्य सहित सभी गांवों के सरपंचगण उपस्थित रहे।

35 दुकानों के आवंटन से पालिका को मिला 4.21 लाख से अधिक का राजस्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



नगर पालिका परिषद, भाटापारा द्वारा लोकोत्सव मैदान में अस्थाई पटाखा दुकानों हेतु खुली नीलामी की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की गई। यह संपूर्ण आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया तथा सभापति मनीष मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मैदान के चारों ओर अस्थाई बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जा रहा है तथा पूरे परिसर की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। आपातकालीन सुरक्षा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मौके पर अग्निशमन वाहन (फायर ब्रिगेड) तथा पुलिस सुरक्षा बल की तैनाती की व्यवस्था की जाएगी। सुगम यातायात व पार्किंग खरीदारों एवं व्यापारियों के लिए पर्याप्त एवं सुव्यवस्थित पार्किंग स्थल तैयार किया जाएगा। कुम्हार भाईयों के लिए निःशुल्क व्यवस्था

त्योहारों के दौरान पारंपरिक दीया और पूजन सामग्री बेचने वाले स्थानीय कुम्हारों का विशेष ध्यान रखते हुए, नगर पालिका परिषद द्वारा पुराना गंज रामलीला मैदान में उन्हें दीया व पूजन सामग्री विक्रय करने के लिए निःशुल्क स्थान का आवंटन किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवकुमार यादव ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि सभी पटाखा दुकानदारों को शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी अग्नि सुरक्षा नियमों एवं दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा।

पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित आयोजन

पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित माहौल में आयोजित इस नीलामी में कुल 35 अस्थाई पटाखा दुकानों का आवंटन किया गया, जिससे नगर पालिका परिषद को 4.21 लाख से अधिक की राजस्व राशि प्राप्त होना है। नीलामी प्रक्रिया को सुचारू, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संचालित करने के लिए नगर पालिका प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी पूरे समय उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवकुमार यादव, उप अभियंता विनोद यादव, राजस्व प्रभारी देवकुमार बंजारे, कॉम्प्लेक्स प्रभारी गंजहंस ठाकुर, और प्रभारी सहायक राजस्व निरीक्षक विकास वैष्णव उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में शहर के पटाखा व्यापारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और उत्साहपूर्वक बोली में हिस्सा लिया।

11 सौ करोड़ की औद्योगिक परियोजना के लिए ली जानी है जमीन

भू-अर्जन में नियमों की अनदेखी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

सिमगा तहसील के ग्राम रिंगनी और केसदा में औद्योगिक प्रयोजन हेतु प्रस्तावित 22 हेक्टेयर भूमि अर्जन की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही विवादों में घिर गई है। प्रशासन द्वारा 29 अक्टूबर को प्रस्तावित सामाजिक समाघात निर्धारण की जनसुनवाई के लिए ग्राम पंचायत सरपंच को दो दिन पहले ही तत्काल सूचना मिली और प्रभावित किसानों को कोई सूचना नहीं दी गई है, न ही गांव के कोटवार के द्वारा मुनादी कराई गई है।

कलेक्टर जिला बलौदाबाजार द्वारा 23 अक्टूबर को जारी आदेश क्के अनुसार ग्राम रिंगनी में 13.46 हेक्टेयर और ग्राम केसदा में 8.62 हेक्टेयर भूमि 1100 करोड़ की औद्योगिक परियोजना के लिए जमीन लेने की प्रक्रिया शुरू की गई है। दोनों आदेशों में 29 अक्टूबर को ग्राम पंचायत भवन में जनसुनवाई नियत की गई है।



सरपंच का आरोप : हमें ही पता नहीं

ग्राम पंचायत रिंगनी और केसदा के सरपंच ने तत्काल सूचना देने की बात कही। साथ ही कहा कि उच्च अधिकारी की आदेश का पालन करना पड़ेगा। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि शासन के आदेश की प्रति उन्हें प्राप्त ही नहीं हुई है। नियमानुसार तहसीलदार और जनपद पंचायत के माध्यम से पंचायत को सूचित किया जाना था और कोटवार के माध्यम से गांव में मुनादी करानी थी, ताकि सभी 16 और 38 प्रभावित हितग्राही जनसुनवाई में उपस्थित हो सकें। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें न तो पटवारी ने सूचना दी, न ही कोटवार ने मुनादी की। उन्हें अखबार की कटिंग और सोशल मीडिया से जनसुनवाई की जानकारी मिली है। भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अनुसार जनसुनवाई की सूचना ग्राम पंचायत, सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा करना अनिवार्य है। वहीं कोटवार के माध्यम से मुनादी कराना और सभी प्रभावित परिवारों को व्यक्तिगत नोटिस देना अनिवार्य है।

इनमें से एक भी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया

बिना सुने ही रिपोर्ट तैयार करने की तैयारी ग्रामीणों और किसान संगठनों ने आशंका जताई है कि बिना व्यापक प्रचार-प्रसार के आनन-फानन में जनसुनवाई कर खानापूर्ति की जा रही है, ताकि सामाजिक समाघात की रिपोर्ट शासन को भेजी जा सके। ग्रामीणों ने तहसीलदार सिमगा से मांग की है कि जनसुनवाई को निरस्त कर पहले सभी प्रभावित किसानों को विधिवत सूचना दी जाए, कोटवार से मुनादी कराई जाए और उसके बाद नए सिरे से जनसुनवाई की तिथि नियत की जाए। तहसीलदार सिमगा अनुराग भट्ट ने कहा कि वे कलेक्टर के आदेश का पालन कर रहे हैं। बाकी जानकारी देने को सक्षम अधिकारी ही अधिकृत हैं, वे नहीं।



खबर संक्षेप



राज्य स्तर पर समाज दीप रत्न पुरस्कार से वीरेंद्र सम्मानित

सिमगा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा के व्यायाम शिक्षक एवं एनसीसी ऑफिसर वीरेंद्र पटेल को शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य स्तरीय सम्मान से नवाजा गया। रायपुर में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित समारोह में उन्हें समाज दीप रत्न पुरस्कार प्रदान किया गया। बलौदाबाजार जिले के ग्राम कुथरौद निवासी पटेल को खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा एनसीसी के माध्यम से युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करने पर सम्मानित किया गया। समारोह में सांसद विजय बघेल और विधायक मोतीलाल साहू उपस्थित रहे। उनकी उपलब्धि पर जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और क्षेत्रवासियों ने बधाई दी।

कार्यभार ग्रहण करते ही ली विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक



बलौदाबाजार। ग्रामींण यांत्रिकीय सेवा संभाग बलौदाबाजार में कार्यपालन अभियंता के पद पर बलराम सिंह ठाकुर द्वारा 26 अक्टूबर को पदभार ग्रहण किया गया। उनके पदभार ग्रहण करने पर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने स्वागत किया। ठाकुर के पदभार ग्रहण करने के बाद उनके पूर्व के सेवाकाल को याद करते हुए जिले के विभागीय विकास कार्य के गतिविधियों एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद जतायी जा रही हैं। ठाकुर इससे पहले यहां उप अभियंता के पद पर सफलतापूर्वक विभागीय कार्यो का संचालन कर चुके है। वे अपने सेवा कार्यकाल के दौरान विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो को ईमानदारी के साथ गति प्रदान करने वाले अधिकारी के रूप जाने जाते रहे हैं।

निधन

संतोष सोनी



बलौदाबाजार। महात्मा गांधी मार्ग निवासी संतोष सोनी का गुरुवार को दुखद निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिजनों, परिचितों एवं शुभचिंतकों में शोक व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में किया गया। वे अपने पीछे पुत्र प्रांजल सोनी एवं प्रतीक सोनी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

पेज 9 का शेष

खेतों में लहलहाती...

किसानों को आशंका है कि यदि बारिश लंबे समय तक जारी रहती है, तो उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। अब क्षेत्र के किसान मौसम साफ होने और जल्द धूप निकलने की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि समय पर धान की कटाई कर अपनी मेहनत से तैयार फसल को सुरक्षित घर ला सकें।

// आम सूचना //

यह कि, मेरे पक्षकार प्रियंका जोशी पति श्री बुद्धदेव जोशी निवासी वार्ड क्रमांक 01, चरौदा (क), तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि ग्राम अर्जुनी, प.ह.नं. 10, रा.नि.मं. अर्जुनी, तहसील बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ. ग.) स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 830/3, रकबा 0.0560 हेक्टेयर भूमि की खरीदी बिक्री हेतु भूमिस्वामी सुरेश सर्राफ पिता श्री भगवानदीन सर्राफ निवासी बालक शाला के पास, बलौदाबाजार, तहसील बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) एवं प्रस्तावित क्रेता प्रियंका जोशी पति श्री बुद्धदेव जोशी निवासी वार्ड क्रमांक 01, चरौदा (क), तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के मध्य आपसी लेनदेन व टोकन दिनांक 19.10.2026 के माध्यम से हो चुका है एवं भूमि का रजिस्ट्री यथाशीघ्र होने ही वाला है। उपरोक्त भूमि के खरीदी-बिक्री के संबंध में किसी आम जनता, व्यक्ति, संस्था या निकाय आदि को कोई दावा-आपत्ति हो तो प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर सूचना प्रकाशन के नीचे लिखे नाम एवं पते पर मय दस्तावेज सम्पर्क कर सकते है। निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के पश्चात दावा-आपत्ति शून्य मानी जावेगी।

उपरोक्तानुसार सो सूचना जाने ।

बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
दिनांक 29/10/2026

सूचनाकर्ता
डी.पी. प्रधान, सुरेन्द्र बर्मन, अधिवक्तागण
प्रथम मंजिल, बार रूम नंबर 108, टेबल नंबर 14,
जिला न्यायालय, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9826604577, 7697105330

वोट बचाओ, देश बचाओ को लेकर किरवई में जनचौपाल, गांव-गांव जाकर मतदाताओं को जागरूक करेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

कांग्रेस नेताओं ने एसआईआर प्रक्रिया पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार लोकतंत्र की रक्षा, मतदाता सूची में पारदर्शिता और प्रत्येक पात्र नागरिक के मतदान अधिकार को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत किरवई में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत जनचौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में दिल्ली के पर्यवेक्षक शरद अहेर, पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर, विधायक इंद्र साव, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने किया। शरद अध्यक्ष एआईआईसी ने कहा कि जब आई आर की प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए। किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं कटना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक के वोट की रक्षा जरूरी है। पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि भाजपा और मोदी सरकार को चुनावी प्रक्रिया से जुड़े सवालों का जवाब देना चाहिए। चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि मतदाता सूची में पारदर्शिता रहे और किसी भी नागरिक के साथ अन्याय न व विधायक इंद्र साव ने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर और आम नागरिक के मतदान अधिकार की रक्षा करना जरूरी है। एस आई आर के दौरान किसी भी पात्र मतदाता को परेशानी नहीं होनी चाहिए।प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को चुनाव आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर मतदाताओं को जागरूक करेंगे।जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि एसआईआर के दौरान महिलाओं, बुजुर्गों और ग्रामीण मतदाताओं के नाम किसी भी त्रुटि के कारण नहीं छूटने चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ता मतदाता सूची की जांच में लोगों की मदद करेंगे।

जनचौपाल में वरिष्ठ नेता सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा, कुबेर यदु,अमित शर्मा ने भी ग्रामीणों को अपने मतदान अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा मतदाता सूची में अपना नाम जांचने की अपील की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला सदस्य रमेश धृतलहरे, किरवई उपसरपंच हेमलाल साहू, ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी दीपक वर्मा, मंडल अध्यक्ष श्यामलाल देवांगन, भिखारी गहरे, हीरा साहू, अशोक देवांगन, हिरेंद्र कोसले, राजा तिवारी, दौलत बंजारे, लोमान धृतलहरे, विष्णु कोसले, विक्की कुर्रे, अजीत भट्ट, विक्की मानिकपुरी, यश शर्मा, कुंजराम साहू, शेष साहू, गोलू साहू, हेमदास कोसले, दिनेश साहू, पूरण देवांगन, हितेश साहू, लाला वर्मा, आयुष वर्मा एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

मुड़पार सरसींवां। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार तथा बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे एवं जिला कांग्रेस कमेटी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अध्यक्ष ताराचंद देवांगन के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सरसींवां के नेतृत्व में राष्ट्रव्यापी वोट बचाओ, देश बचाओ जनआंदोलन के द्वितीय चरण के अंतर्गत सरसींवां में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत सरसींवां बस स्टैंड से तहसील कार्यालय तक पदयात्रा निकाली गई। इस दौरान कांग्रेसजनों ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने, मतदाता सूची की विश्वसनीयता बनाए रखने तथा मतदाताओं के मताधिकार की सुरक्षा की मांग उठाई। इसके पश्चात मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका एवं कार्यप्रणाली को लेकर उठाए जा रहे सवालों की निष्पक्ष समीक्षा तथा उन्हें पद से हटाने की मांग के संबंध में राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार, सरसींवा को ज्ञापन सौंपा गया।इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता, संविधान की गरिमा एवं जनता के मताधिकार की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला दहन कर अपनी मांगों के समर्थन में विरोध भी दर्ज कराया गया। इस अवसर पर बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, विधायक प्रतिनिधि प्राण लहरे, जागेश्वर लहरे, नीतीश बंजारे, राजकुमार जांगड़े, सुकुल लहरे, लुक्का, उज्जैन रात्रे, सेतु साहू, ढुबे यादव, परस बंजारे, आनंद साहू, श्रीराम, सोमनाथ पटेल, धनालाल साहू, रोहित साहू, आकाश पांडेय, प्रियांशु जांगड़े, अब्दुल्ला खान, हरि, प्रदीप, पिंटू जाटवर, भूषण भारद्वाज, नोकुमार, प्रमोद, बूंदलाल,नंदा साहू, मोहर, बलराम, मंगला दास, साहनी, भूषण मानिकपुरी, अनुज खटकर, संतोष कुर्रे, अशोक किशोर, घासी बंजारे, विनोद बंजारे, मनोज पटेल, गोलू ठाकुर, दिलीप कुर्रे, कमल बंजारे, गौतम, उमाशंकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सतनाम भवन से हाईस्कूल तक सीसी रोड निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधपुरी



ग्राम पंचायत सहाड़ा में जिला खनिज न्यास निधि से लगभग 7 लाख रुपये की लागत से सतनाम भवन से हाईस्कूल तक 170 मीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इससे स्कूली विद्यार्थियों सहित ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है।

- सहाड़ा में 7 लाख की लागत से बनेगी सीसी रोड

जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। गांवों की जरूरतों और ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान में रखकर विकास कार्यों के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में सुविधा मिलेगी और ग्रामीणों को भी राहत मिलेगी।

ग्रामीणों के अनुसार, सतनाम भवन से हाईस्कूल तक का मार्ग आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यहां सीसी रोड निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। निर्माण कार्य की पहल से ग्रामीणों में खुशी है।भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद सदस्य अनुसुइया चंद्राकर, सरपंच गोविंद साहू, उपसरपंच चम्पा ध्रुव, सचिव राजेश वैष्णव सहित रोहित साहू, मुकेश चंद्राकर, चंद्रशेखर साहू, मनीष साहू, दिलेश्वर साहू, लोकनाथ साहू, श्यामू साहू, राधेलाल साहू, कलीराम सेन, एवन निषाद, संतोष देवदास सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

सरकारी अस्पतालों की अव्यवस्था के खिलाफ 3 नवंबर को बसपा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के शासकीय अस्पतालों में कथित अव्यवस्था, मरीजों को निजी अस्पतालों में रिफर किए जाने और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने आंदोलन की घोषणा की है। पार्टी की ओर से 3 नवंबर 2026 को जिला मुख्यालय में रैली निकालकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। बसपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार पात्रे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी।

- रिफर सिस्टम और कथित भ्रष्टाचार के विरोध में निकलेगी रैली

पात्रे के अनुसार, मंगलवार 3 नवंबर को दोपहर 12 बजे डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर चौक से रैली निकाली जाएगी।

मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजने का आरोप



एडवोकेट पात्रे ने आरोप लगाया कि जिला अस्पताल बलौदाबाजार सहित जिले के विभिन्न शासकीय अस्पतालों में उपचार के लिए पहुंचने वाले मरीजों को समुचित इलाज उपलब्ध कराने के बजाय निजी अस्पतालों में रिफर किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि कई मामलों में शासकीय अस्पतालों में उपचार की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद मरीजों के परिजनों को निजी अस्पतालों में बेहतर इलाज मिलने की बात कहकर वहां जाने की सलाह दी जाती है।

स्वास्थ्य व्यवस्था और जवाबदेही पर उठाए सवाल

बसपा नेता ने कहा कि राज्य सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा करती है, लेकिन बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के शासकीय अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रभार वाले जिले में कथित अनियमितताओं को लेकर भी सवाल उठाए। पात्रे ने जिला अस्पताल में लंबे समय से पदस्थ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कथित अव्यवस्था और अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की।

जिले के 92 स्काउट-गाइड, रोवर रेंजर राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर स्थित लोकभवन के छत्तीसगढ़ मंडपम में आयोजित राज्य पुरस्कार एवं अलंकरण समारोह में बलौदाबाजार जिले के 92 स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज्यपाल रमेन डेका और स्कूल शिक्षा मंत्री एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष गजेंद्र यादव ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए।

जिले से 35 स्काउट, 50 गाइड, 3 रोवर और 4 रेंजर सहित कुल 92 प्रतिभागियों ने राज्य पुरस्कार प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। समारोह में स्काउट राकेश बंजारे, गाइड दिव्या साहू, रोवर खिलेश कुमार साहू और रेंजर तनुश्री चंद्रवंशी ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। प्रभारी गाइडर रामेश्वरी साहू भी उपस्थित रहीं।

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि जल, जंगल और जमीन का संरक्षण आज की बड़ी चुनौती है। स्काउट-गाइड पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुरस्कार मिलने के साथ समाज सेवा की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। युवाओं को संघर्ष, समर्पण और समय के महत्व को समझते हुए आगे बढ़ना चाहिए।

शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि स्काउट-गाइड नियमों और प्रतिज्ञाओं से बंधे होते हैं, जो उन्हें विशिष्ट पहचान प्रदान करते हैं। उन्होंने स्काउट-गाइड गतिविधियों के माध्यम से अनुशासन और सेवा भावना विकसित करने पर जोर दिया। यह उपलब्धि राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव अमित क्षत्रिय तथा जिला मुख्य आयुक्त अजय राव सहित जिला शिक्षा अधिकारी एसके गेंदले, जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, डॉ. जगदीश साहू और जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार के मार्गदर्शन में हासिल हुई। समारोह में राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, खोडसराम कश्यप, अरुण छाबड़ा, सबा खान और रामखिलावन वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

शराब दुकान में ओवर रेट और कोचिया प्रथा का आरोप, शिवसेना ने की बंद कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद



विकासखंड सिमगा के ग्राम हथबंद स्थित शासकीय कंपोजिट मदिरा दुकान एक बार फिर विवादों में है। यहां निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर शराब बेचने, विरोध करने पर ग्रामीणों से गाली-गलौज और मारपीट करने तथा कोचियों को बोरियो में भरकर अधिक मात्रा में शराब देकर गांव-गांव में अवैध बिक्री कराने के गंभीर आरोप लगे हैं।

इस मामले को लेकर शिवसेना ने 14 अक्टूबर को जिला आबकारी अधिकारी को लिखित ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद ने बताया कि हथबंद मदिरा दुकान की तत्काल जांच कर दोषी संचालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाए।

शिवसेना ने लगाया संरक्षण का आरोप

उन्होंने कहा कि हथबंद शराब दुकान में खुलेआम ओवर रेट लिया जा रहा है। ग्रामीण जब इसका विरोध करते हैं तो दुकान के कर्मचारियों द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। आरोप है कि दुकान से कोचियों को थोक में शराब दी जा रही है, जिसके चलते आसपास के गांव रिंगनी, केसदा, धोधा, डोंगरिया, कुकरचुंदा खिलोरा, मोहभट्ठा, लावर में अवैध शराब की बिक्री किया जा रहा है जिसके कारण गांवों में नशे का माहौल बन रहा है। दिए ज्ञापन को 15 दिवस होने पर भी कोई कारवाही नहीं होने से अधिकारी का खुला संरक्षण होने की आशंका जताई जा रही है।

शिवसेना ने किये शिकायत की प्रतिलिपि आबकारी मंत्री, कलेक्टर बलौदाबाजार को भी प्रेषित की है।

संगठन ने मांग की है कि दुकान के स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर और सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाए और जांच पूरी होने तक दुकान के संचालन पर रोक लगाई जाए। आबकारी विभाग ने कहा कि आबकारी अधिकारी निधीश कोस्टी से संपर्क करने पर कार्यवाही करने की बात कही है।

बिजनेस साइट

रालास मोटर्स की नई पहल, अभनपुर भाटापारा और पिथौरा में नए आउटलेट शुरू



रायपुर। त्योहारी सीजन में ग्राहकों की बढ़ती मांग और उन्हें बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महिंद्रा के अधिकृत डीलर रालास मोटर्स ने अभनपुर, भाटापारा और पिथौरा में अपने नए आउटलेट शुरू किए हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्राहकों को वाहन खरीदने, उनकी पसंद के मॉडल की जानकारी प्राप्त करने और फेस्टिव ऑफर्स का लाभ उठाने के लिए दूर न जाना पड़े तथा उन्हें अपने ही क्षेत्र में सुविधाजनक सेवा मिल सके।

शोरूम के जीएम शेखनी ने बताया कि त्योहारों के दौरान नई गाड़ी खरीदने को शुभ शुरुआत और खुशियों से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे में रालास मोटर्स द्वारा नए आउटलेट शुरू करना ग्राहकों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इन आउटलेट्स के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों के ग्राहक महिंद्रा की विभिन्न गाड़ियों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और अपनी जरूरत, पसंद एवं बजट के अनुसार वाहन चुनने में सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

रालास मोटर्स के माध्यम से ग्राहकों को महिंद्रा की लोकप्रिय एसयूवी रेंज के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहनों और कमर्शियल वाहनों के विभिन्न विकल्पों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें बीई 6, एक्सईवी 9**e**, एक्सईवी 9**S**, थार, स्कॉर्पियो, एक्सयूवी 700, एक्सयूवी 3**XO**, थार रॉक्स और बोलेरो नियो जैसे मॉडल शामिल हैं। वहीं, व्यवसाय एवं परिवहन से जुड़े ग्राहकों के लिए पिकअप, सुप्रो, जीतो, लोडिंग ऑप्टिमो और जायो जैसे कमर्शियल वाहन भी उपलब्ध हैं।

त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए कंपनी की ओर से विभिन्न मॉडलों पर आकर्षक फेस्टिव ऑफर्स और लाभ भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इसके साथ ही ग्राहकों को तत्काल फाइनेंस सुविधा और आकर्षक ईएमआई विकल्पों के माध्यम से वाहन खरीदने में सहायता देने पर जोर दिया जा रहा है। ग्राहक अपनी पसंद की गाड़ी, उपलब्ध ऑफर्स और फाइनेंस संबंधी जानकारी के लिए नजदीकी रालास मोटर्स आउटलेट पर संपर्क कर सकते हैं।

किसानों के लिए ट्रैक्टर और आधुनिक कृषि यंत्रों की श्रृंखला उपलब्ध करा रहा अरुण ट्रेड कंबाइन्स



बलौदाबाजार। खेती-किसानी में आधुनिक तकनीक के बढ़ते उपयोग और कृषि कार्यों को आसान बनाने के उद्देश्य से अरुण ट्रेड कंबाइन्स किसानों के लिए ट्रैक्टर एवं आधुनिक कृषि यंत्रों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध करा रहा है। उपरोक्त जानकारी माना रोड, देवरी, रायपुर स्थित अरुण ट्रेड कंबाइन्स के संचालक ने दी। इसकी शाखायें भाटापारा, नयापारा, अभनपुर, सिमगा और तिल्दा में स्थित हैं। किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार ट्रैक्टर, कृषि उपकरण, फाइनेंस और सर्विस संबंधी जानकारी लेकर उपयुक्त मशीन का चयन कर सकते हैं। संस्थान में महिंद्रा ट्रैक्टर्स के अलावा अरुण ट्रेड कंबाइन्स द्वारा प्रस्तुत आधुनिक तकनीक से निर्मित कृषि उपकरणों की श्रृंखला उपलब्ध है। यहां ट्रैक्टर लोडर, ट्रैक्टर ग्रेडर, ट्रैक्टर डोजर, ट्रैक्टर कंप्रेसर, ट्रैक्टर ट्रॉली, ट्रैक्टर पोल लिफ्टिंग मशीन, मिक्सर मशीन और ट्रैक्टर थ्रेशर जैसे उपकरण उपलब्ध हैं। इसके अलावा धान, गेहूं और मक्का की मड़ाई के लिए थ्रेशर, मिक्सर मशीन, हैड्रोलिक मिक्सर मशीन, कल्टीवेटर, एमबी प्लाउ, हैरो और व्हील बैरो सहित विभिन्न कृषि उपकरण भी शामिल हैं। इन उपकरणों का उपयोग खेत की तैयारी, मिट्टी के प्रबंधन, कृषि सामग्री के परिवहन और फसल की कटाई के बाद की प्रक्रियाओं में किया जा सकता है। फसल की मड़ाई और अनाज की सफाई से संबंधित जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रतिष्ठान में विभिन्न प्रकार की मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। थ्रेशर मशीन पर सरकारी अनुदान उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त एलिवेटर मॉडल भी उपलब्ध है, जो कृषि कार्यों में सामग्री के स्थानांतरण में उपयोगी हो सकता है। किसानों की सुविधा के लिए आसान फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है। यहाँ 7, 9 और 10 फैन के विभिन्न मॉडलों के थ्रैशर्स उपलब्ध है। इसके साथ ही बिक्री पश्चात सर्विस और स्पेयर पार्ट्स उपलब्ध है। ज्ञात हो कि प्रतिष्ठान का जोर मजबूत निर्माण, उच्च गुणवत्ता, बेहतर प्रदर्शन, उचित मूल्य और भरोसेमंद सेवा पर है।



खबर संक्षेप



सेवा सेतु केन्द्र से एक ही दिन में मिले आय एवं निवास पत्र

बलौदाबाजार। शासन की जनकल्याणकारी पहल सेवा सेतु अभियान आम नागरिकों के लिए सुविधाजनक साबित हो रहा है। इसके माध्यम से शासकीय सेवाएं सरलता और त्वरित गति से उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी कड़ी में भाटापारा निवासी कविता सिंह ठाकुर, पिता रंग बहादुर सिंह ठाकुर ने तहसील कार्यालय भाटापारा स्थित सेवा सेतु केन्द्र में आय एवं निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया। केन्द्र के माध्यम से उन्हें आवेदन करने के दिन ही शाम तक दोनों प्रमाण पत्र प्राप्त हो गए। समय पर प्रमाण पत्र मिलने से कविता सिंह ठाकुर को किडनी ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया में आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने में मदद मिली। त्वरित सेवा मिलने से उनके लिए उपचार संबंधी प्रक्रिया को आगे बढ़ाना आसान हुआ। सेवा सेतु अभियान का उद्देश्य शासकीय सेवाओं को आम नागरिकों तक सरल, सुलभ और समयबद्ध तरीके से पहुंचाना है, ताकि लोगों को आवश्यक दस्तावेजों के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

अवैध शराब के साथ आरोपिया दबोची गई



बगबुड़ा। दृष्टि हेल्पलाइन नंबर की सहायता से अपराधिक कृत्यों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ में मिल रही है, लगातार कामयाबी आरोपिया को ग्राम करदा में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब के साथ रंगे हाथों किया गया। गिरफ्तार आरोपिया से 7750 कीमत मूल्य का 8.800 बल्क लीटर महुआ शराब एवं अवैध महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल गैस सिलेंडर चूल्हा, बर्तन आदि किया गया। दृष्टि हेल्पलाइन के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में बुधवार को दृष्टि हेल्पलाइन में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना लवन की पुलिस टीम द्वारा ग्राम करदा में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने वाली 01 आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपिया के विरुद्ध थाना लवन में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपिया को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर 31 को होगा आयोजन



खरोरा। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 151 वीं जयंती पर 31 अक्टूबर को केंद्रीय कार्यालय नरदहा, रायपुर में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में नवनिर्मित सामुदायिक सभाकक्ष का लोकार्पण, प्रस्तावित भवन का भूमिपूजन तथा स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ के विद्यार्थियों की प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहेंगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि होंगे, जबकि अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। समाज ने स्वजातीय बंधुओं से सहभागिता की अपील की है।

'अर्बन' की तबाही : पानी में डूबी पककर तैयार फसल, मुआवजे और सर्वे की उठी मांग

15 नवंबर से धान खरीदी पर संकट के बादल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसींवां



किसान कुछ दिनों पहले तक पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे थे और सूखे की मार झेल रहे थे, आज वही किसान खेतों में लबालब भरे पानी को देखकर खून के आंसू रोने को मजबूर हैं। चक्रवात 'अर्नब' के कारण आई तेज आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के अन्नदाताओं की कमर तोड़कर रख दी है। खेतों में सो गई लहलहाती फसल जिले के खेतों में सोने की तरह चमक रही धान की खड़ी फसल तेज आंधी और तूफान के झोंकों को बर्दाश्त नहीं कर पाई और जमीन पर बिछ गई है। बेमौसम बारिश के कारण खेत तालाब बन चुके हैं और कटी व खड़ी फसलें पानी में पूरी तरह डूब गई हैं। किसानों का कहना है कि अगर अगले कुछ दिनों तक खेतों से पानी नहीं निकला और धूप नहीं खिली, तो पूरी की पूरी धान की फसल सड़ जाएगी और दाने काले पड़ जाएंगे। सूखे के बाद अब अतिवृष्टि से टूटी उम्मीदें। इस साल की शुरुआत से ही मौसम ने किसानों को छकाया है। पहले कम बारिश के कारण सूखे जैसे हालात बन रहे थे, जिससे फसल बचाने के लिए किसानों ने महंगी लागत लगाकर सिंचाई की। जैसे-तैसे जब फसल पककर तैयार हुई, तो चक्रवात 'अर्नब' ने उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में 15 नवंबर 2026 से संभावित धान खरीदी शुरू की जानी है। इस ऐतिहासिक फैसले से किसान बेहद खुश थे और मंडियों में अपनी उपज लाने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन ऐन वक्त पर आए इस चक्रवात ने अब सब कुछ बदल कर रख दिया है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस तबाही के बाद खेतों में कितनी उपज सुरक्षित बच पाएगी,जो धान पानी में भीग चुका है, क्या उसे तय मापदंडों (नमी के नियमों) के तहत सोसायटियों में खरीदा जाएगा, क्या सरकार प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए गिरदावरी (फसल नुकसान का सर्वे) करवाकर मुआवजे का एलान करेगी। जिले के किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि चक्रवात से हुए नुकसान का तुरंत सर्वे कराया जाए, ताकि उन्हें बीमा और राहत राशि मिल सके। 15 नवंबर की खरीदी से ठीक पहले आई इस आपदा ने यह साफ कर दिया है कि इस बार किसानों के लिए अपनी मेहनत का सही मोल पाना एक बड़ी चुनौती होने वाली है।

धान की फसल बर्बाद, किसानों की बढ़ी चिंता

मुंडा। अचानक आए माहा विनाशकारी प्राकृतिक अर्बन आपदा से धान की फसल को भारी नुकसान बलौदाबाजार जिले के अंतर्गत कोलिहा, मुंडा, ढनढनी, बरदा, जुड़ा, सुढेला, चिचिरदा, कसियारा, लाहौद, गिंदोला, कारी, गदहीडीह, कोहरौद, जामडीह, चिरपोट, बगबूड़ा, परसापाली, सिंघारी, डोगरा, कोरदा जैसे अनेकों गांव में अर्बन की महाविनाश कारी चक्रवात से खेतों में लगे धान की लहलहाते फसल पर अभी बालियो मे फुल लगा हुआ था। इस समय 28, 29 तारीख को लगातार हो रही बारिश और तेज हवाओं के चलते धान की फसल जमीन में लेट सा गया है जो की अंदर में दबा हुआ धान की बालियां बदरा पड जावेगा जिसे देखते हुए किसान काफी चिंतित में पड़ गया है और एक और किसी तरह से खाद व कीटनाशक दवाई की छिड़काव से परेशान में पड़े हुए हैं, किसी तरह से धान की फसल बचा लिया था। लेकिन अर्बन आपदा ने किसानों की कमर ही तोड़ दी । किसान चिंता में डूब गए हैं आखिर किसानी के लिए लिये गए कर्ज चुकाने के लिए होगा या नहीं साल भर की खर्च की बात दूर की है। किसान काफी चिंता ग्रस्त हो चुका है आखिर करें तो क्या करें इसके लिए शासन से क्षतिपूर्ति की मांग होने लगे हैं ताकि किसान संभाल सके।



उद्यानिकी फसलों की सुरक्षा के लिए सलाह जारी

बलौदाबाजार । चक्रवात के प्रभाव से बारिश और तेज हवाओं की आशंका को देखते हुए उद्यानिकी विभाग ने किसानों के लिए फसलों की सुरक्षा संबंधी सलाह जारी की है। विभाग ने खेतों, सब्जी नर्सरी और फलोद्यानों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने तथा पानी जमा नहीं होने देने की अपील की है। विभाग के अनुसार टमाटर, मिर्च, बैंगन और अन्य कमजोर पौधों को आवश्यकता के अनुसार सहारा देना जरूरी है। केले, पपीते और नए लगाए गए फलदार पौधों को तेज हवा से बचाने के लिए उचित सहारा उपलब्ध कराया जाए। सब्जियों की नर्सरी और नए रोपित पौधों को जलभराव से बचाने के साथ निचले खेतों में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

बारिश के दौरान छिड़काव से बचें

उद्यानिकी विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि तैयार फल और सब्जियों की तुड़ाई स्थानीय मौसम की स्थिति को देखते हुए करें तथा उपज को सुरक्षित और सूखे स्थान पर रखें। बारिश के दौरान कीटनाशक या अन्य दवाओं का छिड़काव नहीं करें। मौसम साफ होने और फसल की स्थिति का आकलन करने के बाद ही छिड़काव का निर्णय लें। बारिश के बाद फसलों में रोग, सड़न या कीट प्रकोप के लक्षण दिखाई देने पर स्थानीय उद्यानिकी अधिकारी अथवा कृषि विशेषज्ञ से सलाह लेने की अपील की गई है।

बेमौसम बारिश और ठंडी हवाओं से पलारी अंचल प्रभावित

पलारी। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान अर्णब का असर अँचल में दिखा, बुधवार को पलारी नगर सहित अँचल में सुबह 8:00 बजे से देर रात तक करीब 12 घंटे से ज्यादा से भी समय तक लगातार रिमझिम बारिश होती रही है साथ ही हवाए भी चली जिससे कपकपी बढ़ा दी है, दिनभर जनजीवन अस्त व्यस्त रहा।

दिनभर लगातार बारिश से फसलों पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ेगा कहा जा रहा है कि उत्पादन पर इसका पूरा असर पड़ सकता है। क्योंकि हवा के साथ- सांथ लगातार बारिश के कारण खेतो में पकी पकाई खड़ी फसल गिरने का डर अब किसानों को होने लगी है कही-कही फसल जमीन पर लेट गई है वही फसलों में बीमारी आने का डर किसानों को सताने लगी है।



गौरतलब हो कि साल भर की मेहनत और खेती पर निर्भर किसानों के लिए अभी तक कृषि कार्य में सब कुछ सही चल रहा था तथा फसल कटने के लिए तैयार खड़ा था किसान अपनी लहलहाती फसल देखकर प्रसन्नचित थे, लेकिन अचानक मौसम की मार से किसानो को चिंता सताने लगी है, वही किसानों को उम्मीद है कि अगले दिन से मौसम फिर से साफ होगा तस्वीर बदलेगी और स्थिति पहले जैसे होंगी ।



36 घंटे की बारिश से खेतों में गिरी धान की फसल

गिधपुरी। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के प्रभाव से क्षेत्र में पिछले 36 घंटों से लगातार बारिश हो रही है। इससे कटाई के लिए तैयार धान की फसल खेतों में गिर गई है और जलभराव के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। फसल खराब होने, दाने की गुणवत्ता घटने और पैदावार प्रभावित होने की आशंका है। पलारी के झड़ीराम कनौजे, गिर्रा के रघुनंदन लाल वर्मा, लेटरा के रवि बंजारे और कोसममंदी के अखिलेश्वर वर्मा सहित किसानों ने बताया कि दिवाली से पहले कटाई के लिए तैयार फसल बारिश की भेंट चढ़ रही है। गिर्रा के रघुनंदन लाल वर्मा ने 25 प्रतिशत से अधिक नुकसान की आशंका जताई। किसानों के अनुसार, खेतों में पानी भरने से कटाई में देरी होगी और लंबे समय तक नमी रहने से दाने खराब होने का खतरा है। हरहुना और देर से पकने वाली धान की किस्मों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कृषि विशेषज्ञ सुचिन वर्मा ने बताया कि इस समय धान पक चुका है। लगातार बारिश से गुणवत्ता प्रभावित होने और रोग लगने की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने बारिश थमने के बाद खेतों से पानी निकालने तथा परिस्थितियों के अनुकूल होने पर ही कटाई करने की सलाह दी। मौसम विभाग द्वारा अगले 24 से 36 घंटों में और बारिश की संभावना जताए जाने से किसानों की चिंता बढ़ गई है।

गंगा स्नान और सात दिवसीय गुरु गद्दी पूजा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुड़ा



ग्राम खम्हरिया, लवन के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 में गुरु घासीदास जन कल्याण युवा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय गुरु गद्दी पूजा एवं संत ग्रंथ कार्यक्रम का समापन 28 अक्टूबर को गंगा स्नान के साथ हुआ। 22 से प्रारंभ हुए इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर बाबा गुरु घासीदास के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

- गुरु घासीदास बाबा के जयकारों से भक्तिमय हुआ माहौल, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

कार्यक्रम के माध्यम से सतनाम पंथ के संदेश, सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सदाचार की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

समिति के इस आयोजन का उद्देश्य गुरु घासीदास बाबा के सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता के संदेशों को समाज तक पहुंचाना है। समापन अवसर पर श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना किया गया।

राकेश चतुर्वेदी (पार्षद प्रतिनिधि) संतोष घृतलहरे पार्षद लवन, अध्यक्ष हिरामन महिलांगे, उपाध्यक्ष तिहारु खुटे सचिव, श्रीकांत साय, कोषाध्यक्ष मनोहर बांधे, सदस्य- संजय बंदे, राजू, धरम, मनहरण, धनराज, हिरारवान, बब्लू, टिकेश्वर, रामकुमार, संतोष, राहूल, सूदर्शन, फागुलाल, दिलिप, सोनसाय, महेश कुर्रे, शिवकुमार साय, जगदीश, भागीरथी टण्डन, अनिल, राकेश, अयोध्या, शिवचरण एवं समस्त सतनामी समाज बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

रिसदा मार्ग पर तीन दिन से गड्ढे में फंसा कोयले से लदा ट्रेलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में सीमेंट संयंत्रों से निकलने वाले ओवरलोड भारी वाहनों की आवाजाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बलौदाबाजार-सिमगा मार्ग पर रिसदा बाईपास चौक से ग्राम रिसदा के बीच करीब 300 मीटर सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। गहरे गड्ढों, कीचड़ और दलदल के कारण यहां आवागमन जोखिमपूर्ण बना हुआ है। स्थिति यह है कि कोयले से लदा एक ट्रेलर (क्रमांक सीजी 13 बीसी 6329) पिछले तीन दिनों से सड़क के गड्ढे में फंसा हुआ है। इससे रास्ता और संकरा हो गया है तथा दूसरे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

जिला मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर दूर स्थित इस मार्ग की बदहाली ने सड़क निर्माण और रखरखाव की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में संचालित सीमेंट संयंत्रों के लिए लगातार भारी वाहनों की आवाजाही होती है, लेकिन सड़क की मजबूती और नियमित मरम्मत की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



10 दिन पहले हुई लेवलिंग

ग्रामीणों के अनुसार, करीब 10 दिन पहले सड़क पर रोड रोलर चलाकर गड्ढों की लेवलिंग कराई गई थी। हालांकि, भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के बाद सड़क फिर उखड़ गई और कई स्थानों पर कीचड़ जमा हो गया। लोगों का कहना है कि यदि सड़क की मरम्मत के साथ ओवरलोड वाहनों पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो बार-बार किया जाने वाला सुधार स्थायी राहत नहीं दे सकेगा।इस मार्ग पर लगभग छह सीमेंट संयंत्रों की औद्योगिक गतिविधियों के कारण भारी वाहनों का दबाव बना रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षमता से अधिक भार लेकर चलने वाले ट्रकों और बल्करों के कारण सड़क तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही है। ऐसे में केवल गड्ढे भरने के बजाय ओवरलोडिंग की जांच और सड़क की भार क्षमता के अनुरूप यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

एंबुलेंस की आवाजाही पर संकट

सड़क पर गड्ढे और कीचड़ होने से दोपहिया वाहन चालकों, साइकिल सवारों और पैदल राहगीरों को परेशानी हो रही है। सुबह के समय स्कूली बच्चों को लेकर गुजरने वाली बसों को भी सावधानी से निकलना पड़ता है। संकरे रास्ते और फंसे ट्रेलर के कारण एंबुलेंस सहित आपातकालीन वाहनों की आवाजाही को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। ग्रामीणों को आशंका है कि समय रहते मार्ग दुरुस्त नहीं किया गया, तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

मार्ग की लगातार खराब होती स्थिति को लेकर ग्राम रिसदा के निवासियों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि सड़क की मरम्मत और ओवरलोड वाहनों पर नियंत्रण के लिए जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन और चक्काजाम करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि समस्या का समाधान केवल अस्थायी लेवलिंग से नहीं होगा, बल्कि सड़क की गुणवत्ता सुधारने और भारी वाहनों की आवाजाही को नियमों के दायरे में लाने की जरूरत है।

जल्द मौके पर भेजेंगे

जल्द ही एसडीओ को मौके पर भेजकर स्थिति की जानकारी लेंगे। मार्ग पर जहां अधिक परेशानी है, वहां तत्काल सुधार कराने के निर्देश दिए जाएंगे।

-अनुज शर्मा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता

भजन-कीर्तन और रास गरबा ने बांधा समां

कान्यकुब्ज युवा संगिनी ने मनाई शरद पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



कान्यकुब्ज युवा संगिनी, बलौदाबाजार द्वारा ग्राम खजुरी में शरद पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कृति और पारंपरिक उत्सव का सुंदर संगम देखने को मिला। राधा-कृष्ण की भक्ति, भजन-कीर्तन, रास गरबा और मनोरंजक खेलों ने आयोजन को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम में समिति की संरक्षिका डॉ. प्रभा शुक्ला के मार्गदर्शन में भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से जुड़े विभिन्न आयोजन किए गए। श्रीकृष्ण के मधुर भजनों और भक्तिमय गीतों से पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया। समिति की सदस्याओं ने राधा-कृष्ण का मनमोहक स्वरूप धारण कर भजनों का आनंद लिया। वहीं, रास गरबा और गीत-संगीत के माध्यम से अपनी धार्मिक आस्था एवं उत्साह का प्रदर्शन किया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी सदस्याओं ने आयोजन की छटा बढ़ा दी। शरद पूर्णिमा के अवसर पर सदस्याओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हंसी-खुशी और उमंग से भरे इस आयोजन ने सदस्याओं को आपसी मेल-मिलाप और आत्मीयता के साथ समय बिताने का अवसर दिया। कार्यक्रम में महिला एकजुटता, संगठन की सक्रियता और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान की झलक देखने को मिली। समिति का यह आयोजन धार्मिक उत्सव के साथ-साथ सामाजिक एकता, आपसी सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का माध्यम भी बना। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय परंपराओं से जोड़ने तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और सकारात्मकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्याओं ने सामूहिक रूप से स्वल्पाहार किया। आपसी सौहार्द और उल्लास के बीच आयोजन का समापन हुआ।

कार्यक्रम में समिति की संरक्षिका डॉ. प्रभा शुक्ला सहित दीप्ति मिश्रा, श्रेया त्रिवेदी, शीला दीक्षित, मीनाक्षी बाजपेयी, लीना बाजपेयी, श्रद्धा दुबे, स्वाती मिश्रा, गौरी शुक्ला, प्रेमलता तिवारी, प्रतिमा तिवारी और पूनम तिवारी सहित समिति की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

